कार्यालय : प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय मुवानी, पिथौरागढ़
Mobile No.-9412926835
E-Mail- gdcmuwani@gmail.com

# गोष्ठी की आख्या

राजकीय महाविद्यालय, मुवानी, पिथौरागढ़ । दिनांक 22 नवम्बर 2022 को महाविद्यालय में कैरियर काउन्सलिंग के तत्वावधान एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का विषय **''भारत सरकार द्वारा संचालित बैंकों की विभिन्न योजनाएं"**

गोष्ठी के प्रारंभ में प्राचार्य **डॉ० जी. सी. पंत** ने भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठी से जहां विद्यार्थियों के मध्य बैंकिंग सेवा संबंधी जागरूकता का प्रसार होता है, वहीं उन्हें वर्तमान समय में बैंकिंग फ्रॉड एवं अन्य परेशानियों से भी बचाव किया जा सकता है।उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रकार की विचार गोष्ठियों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन होगा तथा उन्हें आर्थिक क्षेत्र में करियर संबंधी पर्याप्त जानकारी भी मिल सकेगी।

गोष्ठी के मुख्य वक्ता **श्री सन्तोष मिश्रा** शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक मुवानी ने भारत सरकार द्वारा संचालित बैंकों की विभिन्न योजनाओं जैसे क्रेडिट कार्ड , डेबिट कार्ड,लाइफ इंश्योरेंस, प्रधानमंत्री जनधन योजना , नंदा गौरा योजना , अटल पेंशन योजना तथा आधुनिक डिजिटल बैंकिंग योजनाओं के बारे में भी जानकारी देकर महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया। उन्होंने छात्र–छात्राओं ने से बैंकिंग फ्रॉड से बचने तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आने की अपील की। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार का बैंकिंग फ्रॉड होने पर तत्काल पुलिस में साइबर सुरक्षा सेल की मदद लें। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अध्ययन के साथ–साथ बैंकिंग संबंधी पर्याप्त जानकारी रखें ताकि समय आने पर उसका लाभ उठाया जा सके।

गोष्ठी में **श्री राज कमल किशोर डॉ० नीमा जोशी भावना** योगेश सिंह, पूजा, नीलम, पूजा चन्द, चन्द्रकला, कंचन, संजन्ना, धरम सिंह, वीरेंद्र सिंह, अंशुल कुमार संदीप मौजूद रहे।

गोष्ठी का संचालन **डॉ सुधीर कुमार** ने किया।


कार्यालय : प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय मुवानी, पिथौरागढ़
Mobile No.-9412926835
E-Mail- gdcmuwani@gmail.com






कार्यालय : प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय मुवानी, पिथौरागढ़
Mobile No.-9412926835
E-Mail- gdcmuwani@gmail.com



## छात्रों को दी कॅरिअर से संबंधित जानकारी

मुवानी (पिथौरागढ़)। राजकीय महाविद्यालय मुवानी में छात्रों को कॅरिअर से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान 'भारत सरकार के बैंकों की विभिन्न योजनाओं' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ. जीसी पंत ने किया।

मुख्य वक्ता एसबीआई के मुवानी शाखा प्रबंधक संतोष मिश्रा ने क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, लाइफ इंश्योरेंस, प्रधानमंत्री जनधन योजना, नंदा गौरा योजना, अटल पेंशन योजना और आधुनिक डिजिटल बैंकिंग योजनाओं के बारे में बताया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने और किसी भी प्रकार के प्रलोभन में नहीं आने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी होने पर तत्काल पुलिस साइबर सेल की मदद लें।

संचालन डॉ. सुधीर कुमार ने किया। गोष्ठी में राज कमल किशोर, डॉ. नीमा जोशी, भावना, योगेश सिंह, पूजा, नीलम, पूजा चंद, चंद्रकला, कंचन आदि मौजूद थे। संवाद

(डॉ सुधीर कुमार)
संयोजक
(असिस्टेण्ट प्रोफेसर–समाजशास्त्र)
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
पिथौरागढ़।

(डॉ0 गिरीश चन्द्र पन्त)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
पिथौरागढ़

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड)